भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 2225 #

गुरूवार, 06 अगस्त, 2026/15 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

राजस्थान में विदेशी पर्यटक

2225 # श्री नीरज डांगी:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि राजस्थान आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में काफी गिरावट आई है, जिसके परिणामस्वरूप होटल बुकिंग में पर्याप्त कमी आई है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि आमेर किला तथा अल्बर्ट हॉल जैसे विशिष्ट स्थलों पर घरेलू पर्यटकों से प्राप्त राजस्व में गिरावट दर्ज की गई है; और

(घ) इस वर्ष राजस्थान में विदेशी तथा घरेलू पर्यटकों के आगमन को बढ़ावा देने हेतु सरकार कौन-कौन से कदम उठाने पर विचार कर रही है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों के प्रशासनों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के आधार पर पर्यटकों की संख्या को संकलित करता है। इन आंकड़ों के अनुसार, पिछले 6 वर्षों में राजस्थान में विदेशी पर्यटकों की यात्रा में 336% की महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है, जैसा कि नीचे देखा जा सकता है:

पिछले 6 वर्षों के दौरान राजस्थान में घरेलू पर्यटक यात्राएं (डीटीवी) और विदेशी पर्यटक यात्राएं (एफटीवी) (लाख में)

वर्ष	डीटीवी	एफटीवी
2020	151.17	4.46
2021	219.89	0.35
2022	1083.28	3.97

2023	1790.52	17.00
2024	2300.84	20.72
2025	2525.03	19.45

स्रोत: राजस्थान राज्य सरकार

जैसा कि राजस्थान सरकार द्वारा सूचित किया गया है, राजस्थान में विशिष्ट स्थानों पर पर्यटन से उत्पन्न राजस्व का रिकॉर्ड नहीं रखा जाता है। सामान्यत: पर्यटकों की यात्रा में वृद्धि से होटलों की बुकिंग और पर्यटन से प्राप्त राजस्व में भी वृद्धि होती है।

(घ): पर्यटन स्थलों और उत्पादों की पहचान, विकास और संवर्धन एक सतत प्रक्रिया है, जो मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा की जाती है। राजस्थान सरकार ने सूचित किया है कि वह अवसंरचना के विकास और लक्षित विपणन के माध्यम से राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए व्यापक कदम उठा रही है। पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन', 'पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता', 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक संवर्धन अभियान' आदि जैसी अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करके इन प्रयासों को संपूरित कर रहा है।

****